**सीएसआईआर-केंद्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन**
**CSIR-CENTRAL SCIENTIFIC INSTRUMENTS ORGANISATION**
**(Council of Scientific & Industrial Research)**
**सेक्टर 30-सी, चंडीगढ़-160030 (भारत)**
**Sector 30-C, Chandigarh-160 030 (India)**
**वैबसाईट: www.csio.res.in**

## विज्ञापन संख्या 45/2022 द्वारा तकनीशियन (1) की भर्ती

सं. सीएसआईओ/2(298)/2022-भर्ती
दिनांक: 11.05.2026

## लिखित परीक्षा हेतु वेब अधिसूचना

यह उन सभी अभ्यर्थियों की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है, जिन्होंने विज्ञापन संख्या 45/2022 के अंतर्गत तकनीशियन (1) पद के लिए आवेदन किया था और लिखित परीक्षा हेतु योग्य घोषित किए गए हैं (जैसा कि दिनांक 30.01.2026 को CSIR-CSIO वेबसाइट पर प्रदर्शित अधिसूचना में उल्लेखित है), कि विभिन्न ट्रेडों में लिखित परीक्षा निम्नानुसार आयोजित की जाएगी:-

| | |
|---|---|
| **परीक्षा केंद्र:** | **गुरु नानक खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 30बी, चंडीगढ़** |
| **तिथि:** | **6 जून, 2026 (शनिवार)** |
| **रिपोर्टिंग समय:** | **प्रातः 8:00 बजे** |

- रोल नंबर सहित प्रवेश पत्र 26 मई, 2026 से वेबसाइट www.csio.res.in पर 'भर्ती' के तहत डाउनलोड के लिए उपलब्ध होंगे।
- लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम एवं पैटर्न उक्त पदों के लिए विज्ञापन संख्या 45/2022 तथा दिनांक 22.09.2025 की वेब अधिसूचना में पहले ही प्रकाशित किया जा चुका है।
- परीक्षा में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए निर्देश **अनुलग्नक ए** में दिए गए हैं।
- स्क्राइब *(scribe)* का उपयोग करने वाले विकलांग व्यक्तियों के लिए दिशानिर्देश **अनुलग्नक बी** के अनुसार हैं।
- अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश पत्र तथा अपना मूल फोटो पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी, पासपोर्ट या पैन कार्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। मूल फोटो पहचान पत्र और प्रवेश पत्र के बिना परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी पूर्णतः अस्थायी है और यह विज्ञापन संख्या 45/2022 में उल्लिखित सभी पात्रता शर्तों को पूरा करने पर निर्भर करती है। यदि किसी भी चरण पर यह पाया जाता है कि कोई अभ्यर्थी किसी भी पात्रता शर्त को पूरा नहीं करता है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अद्यतन जानकारी के लिए संगठन की वेबसाइट www.csio.res.in नियमित रूप से देखें।

**--हस्त--**
**वरिष्ठ प्रशासन नियंत्रक**
**सीएसआईआर-सीएसआईओ, चंडीगढ़**



File No. A-12024/43/2023-RECRUITMENT-CSIO (Computer No. 54849)
Generated from eOffice by NIHARIKA CHAUDHARY, ASOG(NC)-R&A-CSIR-CSIO, ASSISTANT SECTION OFFICER, CSIR-CSIO on 11/05/2026 05:13 pm

**तकनीशियन (1) [ग्रुप II(1)] पद के लिए लिखित परीक्षा में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों हेतु निर्देश**

**<u>कृपया निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें</u>**

1. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे प्रवेश पत्र पर दर्शाए गए रिपोर्टिंग समय पर परीक्षा केंद्र पर पहुँचें। अभ्यर्थियों को केवल उसी केंद्र पर परीक्षा देने की अनुमति होगी जो प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट है। तिथि/सत्र/केंद्र में परिवर्तन के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. परीक्षा प्रारंभ होने से 15 मिनट पहले प्रवेश द्वार बंद कर दिए जाएंगे। द्वार बंद होने के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।
3. अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र तथा एक मूल फोटो पहचान पत्र (आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी, पासपोर्ट या पैन कार्ड आदि) साथ लाना अनिवार्य है। प्रवेश पत्र को अंतिम परिणाम घोषित होने तक सुरक्षित रखना होगा।
4. परीक्षा समय पूरा होने से पहले किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
5. परीक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यर्थी अपनी ओएमआर शीट परीक्षक को सौंपने के बाद ही परीक्षा कक्ष छोड़ सकेंगे।
6. निषिद्ध वस्तुएँ जैसे कलाई घड़ी, स्मार्ट वॉच, पुस्तकें, कागज़ की पर्चियाँ, पत्रिकाएँ, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, हेडफ़ोन, बटन कैमरा/स्पाई कैमरा, स्कैनर, कैलकुलेटर, स्टोरेज डिवाइस आदि), ज्योमेट्री/प्लास्टिक पाउच आदि परीक्षा कक्ष में सख्त वर्जित हैं। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी वस्तुएँ पाई जाती हैं तो उसकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है और उसके विरुद्ध कानूनी/आपराधिक कार्यवाही भी की जा सकती है। उसे सीएसआईआर/भारत सरकार द्वारा आयोजित परीक्षाओं में उपस्थित होने से भी वंचित किया जा सकता है।
7. अभ्यर्थियों को निषिद्ध वस्तुएँ, कीमती सामान और बैग परीक्षा केंद्र पर नहीं लाने चाहिए। संगठन किसी भी वस्तु की सुरक्षित रख-रखाव की व्यवस्था के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
8. अभ्यर्थी प्रश्न पुस्तिका/ओएमआर शीट पर दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उसके अनुसार उत्तर अंकित करें।
9. अभ्यर्थियों को नीले/काले बॉल पेन साथ लाना अनिवार्य है।
10. ओएमआर शीट पर उत्तर अंकित करने के लिए केवल नीले/काले बॉल पेन का ही प्रयोग करें।
11. अभ्यर्थी को परीक्षक की उपस्थिति में जहाँ आवश्यक हो वहाँ अपना बाएँ हाथ का अंगूठे का निशान और हस्ताक्षर करना होगा।
12. यदि कोई अभ्यर्थी किसी प्रकार के अनुचित साधनों का प्रयोग करता पाया जाता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। प्रतिरूपण (Impersonation) की स्थिति में अभ्यर्थी और प्रतिरूपक दोनों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।
13. प्रवेश पत्र जारी होना या लिखित परीक्षा में सम्मिलित होना सीएसआईआर-सीएसआईओ में नियुक्ति का अधिकार प्रदान नहीं करता और न ही यह किसी प्रकार का रोजगार माना जाएगा।
14. अनुचित साधनों का प्रयोग करने की स्थिति में उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और अभ्यर्थी को भविष्य की परीक्षाओं में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा। उपयुक्त कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।
15. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे प्रवेश पत्र को ध्यानपूर्वक जाँचें और यदि कोई त्रुटि हो तो तुरंत संस्थान को recruitment.csio@csir.res.in पर ईमेल द्वारा सूचित करें।



File No. A-12024/43/2023-RECRUITMENT-CSIO (Computer No. 54849)
Generated from eOffice by NIHARIKA CHAUDHARY, ASOG(NC)-R&A-CSIR-CSIO, ASSISTANT SECTION OFFICER, CSIR-CSIO on 11/05/2026 05:13 pm

## लिखने में स्क्राइब *(scribe)* का उपयोग करने वाले दिव्यांग व्यक्तियों हेतु दिशा-निर्देश

जिन अभ्यर्थियों की लिखने की गति किसी कारणवश स्थायी रूप से प्रभावित है, वे परीक्षा के दौरान अपने खर्च पर स्क्राइब *(scribe)* का उपयोग कर सकते हैं। ऐसे सभी मामलों में जहाँ स्क्राइब *(scribe)* का उपयोग किया जाता है, निम्नलिखित नियम लागू होंगे:

1. बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के मामले में, स्क्राइब *(scribe)* की सुविधा तभी दी जाएगी जब अभ्यर्थी मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/सरकारी स्वास्थ्य संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करे, जिसमें यह उल्लेख हो कि अभ्यर्थी को लिखने में शारीरिक कठिनाई है और परीक्षा लिखने के लिए स्क्राइब *(scribe)* आवश्यक है। यह प्रमाणपत्र **परिशिष्ट I** में दिए गए प्रारूप के अनुसार होना चाहिए।
2. आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 की धारा 2(s) में परिभाषित लेकिन धारा 2(r) में शामिल नहीं (अर्थात् 40% से कम दिव्यांगता वाले) व्यक्तियों के मामले में, यदि उन्हें लिखने में कठिनाई है तो स्क्राइब *(scribe)* और/या अतिरिक्त समय की सुविधा दी जाएगी। इसके लिए सरकारी स्वास्थ्य संस्थान की सक्षम चिकित्सा प्राधिकरण द्वारा जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह उल्लेख हो कि अभ्यर्थी को लिखने में कठिनाई है और परीक्षा लिखने हेतु स्क्राइब *(scribe)* आवश्यक है। यह प्रमाणपत्र **परिशिष्ट II** में दिए गए प्रारूप के अनुसार होना चाहिए।
3. अभ्यर्थियों को प्रोस्थेटिक्स एवं ऑर्थोटिक्स, श्रवण यंत्र आदि सहायक उपकरणों का उपयोग करने की अनुमति होगी, जैसा कि **परिशिष्ट II** के प्रमाणपत्र के पैरा 2 में उल्लेखित है।
4. अभ्यर्थी को अपने स्क्राइब *(scribe)* की व्यवस्था स्वयं अपने खर्च पर करनी होगी। स्क्राइब *(scribe)* की शैक्षणिक योग्यता अभ्यर्थी की योग्यता से एक स्तर कम होनी चाहिए। अभ्यर्थी को **परिशिष्ट I/II, III** के अनुसार प्रमाणपत्र एवं घोषणा-पत्र लिखित परीक्षा के समय प्रस्तुत करना होगा।
5. अभ्यर्थी द्वारा नियुक्त स्क्राइब *(scribe)* उसी परीक्षा का अभ्यर्थी नहीं होना चाहिए। यदि किसी भी स्तर पर इसका उल्लंघन पाया जाता है तो अभ्यर्थी और स्क्राइब *(scribe)* दोनों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।
6. परीक्षा के दौरान यदि पाया जाता है कि स्क्राइब *(scribe)* स्वतंत्र रूप से प्रश्नों के उत्तर दे रहा है, तो अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यदि परीक्षक रिपोर्ट करता है कि स्क्राइब *(scribe)* ने स्वतंत्र रूप से उत्तर दिए हैं, तो परीक्षा के बाद भी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।
7. एक स्क्राइब *(scribe)* केवल एक ही अभ्यर्थी के लिए कार्य कर सकता है।
8. अभ्यर्थी और स्क्राइब *(scribe)* दोनों को यह घोषणा-पत्र देना होगा कि स्क्राइब *(scribe)* उपरोक्त सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करता है। यदि बाद में यह पाया जाता है कि उसने किसी पात्रता मानदंड को पूरा नहीं किया या तथ्यों को छिपाया, तो अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी, चाहे लिखित परीक्षा का परिणाम कुछ भी हो।
9. जो अभ्यर्थी स्क्राइब *(scribe)* का उपयोग करेंगे, उन्हें परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए 20 मिनट का अतिरिक्त समय मिलेगा। स्क्राइब *(scribe)* को अपने स्तर पर उत्तर देने की अनुमति नहीं है। यदि ऐसा पाया जाता है तो उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।



File No. A-12024/43/2023-RECRUITMENT-CSIO (Computer No. 54849)
Generated from eOffice by NIHARIKA CHAUDHARY, ASOG(NC)-R&A-CSIR-CSIO, ASSISTANT SECTION OFFICER, CSIR-CSIO on 11/05/2026 05:13 pm

सीएसआईआर-केंद्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन
(वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद)
CSIR-CENTRAL SCIENTIFIC INSTRUMENTS ORGANISATION
(Council of Scientific & Industrial Research)
सेक्टर 30-सी, चंडीगढ़-160030 (भारत)
Sector 30-C, Chandigarh-160 030 (India)
वैबसाईट: www.csio.res.in

**Recruitment of Technician (1) against CSIR-CSIO Advt. No. 45/2022**

No. CSIO/2(298)/2022-Rectt.
Dated: 11.05.2026

**Web Notification for Written Exam**

It is hereby notified for the information of the candidates who have applied for the post of Technician (1) against CSIR-CSIO Advt. No. 45/2022 and have qualified for Written Exam (as per notification dated 30.01.2026 displayed on CSIR-CSIO website), that the Written Exam in different trades is scheduled to be conducted as under:-

| | |
|---|---|
| **Exam Centre:** | **Guru Nanak Khalsa Senior Secondary School, Sector 30B, Chandigarh** |
| **Date:** | **6th June, 2026 (Saturday)** |
| **Reporting Time:** | **8:00 AM** |

- Admit Cards with Roll No. shall be available for download from 26th May, 2026, on the website www.csio.res.in under 'Recruitment'.
- The syllabus and pattern of the Written Exam for the said posts shall be as already notified in the Advertisement No. 45/2022 and web notice dated 22.09.2025.
- The instructions to the candidates appearing in the examination are as per **Annexure A**.
- Guidelines for Persons with Disabilities using a Scribe are as per **Annexure B**.
- The candidates must produce the Admit Card and their original photo identity proof, viz. Aadhaar Card, Driving License, Voter ID, Passport, or PAN Card, at the examination centre. Entry to the examination centre will not be allowed without an original photo identity proof and an Admit Card.

The candidature of candidates is purely provisional and subject to the fulfilment of all eligibility conditions contained in the Advt. No. 45/2022. If, at any stage, it is found that a candidate does not fulfil any of the eligibility conditions, his/her candidature shall be cancelled.

The candidates are advised to visit the Organisation's website, www.csio.res.in, regularly for updates.

**--Sd—**
**Sr. Controller of Administration**
**CSIR-CSIO, Chandigarh**



File No. A-12024/43/2023-RECRUITMENT-CSIO (Computer No. 54849)
Generated from eOffice by NIHARIKA CHAUDHARY, ASOG(NC)-R&A-CSIR-CSIO, ASSISTANT SECTION OFFICER, CSIR-CSIO on 11/05/2026 05:13 pm